# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 ........../2024**

(1) इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने हेतु नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के सूचीकृत विद्यार्थियों का मूल सूचीकरण प्रमाण पत्र जारी करने,
(2) शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा मूल सूचीकरण प्रमाण पत्र एवं परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र डाउनलोड कर विद्यार्थियों को प्राप्त कराने तथा
(3) ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान, इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले सूचीकृत विद्यार्थियों, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के सूचीकृत सभी विद्यार्थियों का समिति द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या पी0आर0 249/2024, 267/2024, 285/2024 एवं 296/2024 के माध्यम से डमी सूचीकरण प्रमाण पत्र जारी करते हुए उनमें परिलक्षित त्रुटियों के सुधार हेतु तथा **डमी सूचीकरण कार्ड पर मुद्रित घोषणा पत्र को विद्यार्थी व माता/पिता/अभिभावक से हस्ताक्षरित कराकर एवं शिक्षण संस्थान के प्रधान के द्वारा स्वयं भी हस्ताक्षर कर समिति के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाने** हेतु अवसर दिया गया था। उक्त विज्ञप्तियों के माध्यम से स्पष्ट रूप से निदेशित किया गया था:–

> ***"इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2025 के लिए सूचीकृत/पंजीकृत वैसे विद्यार्थी जिनका अपना, माता/पिता/अभिभावक एवं शिक्षण संस्थान के प्रधान के हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी सूचीकरण/पंजीकरण कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जाएगा, उन्हें इन्टमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 एवं माध्यमिक वार्षिक परीक्षा, 2025 के लिए परीक्षा आवेदन भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं तद्नुसार उनका प्रवेश पत्र भी निर्गत नहीं किया जाएगा।"***

तदालोक में सत्र 2023–25 के इन्टरमीडिएट के वैसे विद्यार्थियों जिनका हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी सूचीकरण प्रमाण पत्र समिति के पोर्टल पर अपलोड नहीं है, को इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 के लिए परीक्षा आवेदन भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

1.1 उक्त के आलोक में शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा जिन विद्यार्थियों का हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी सूचीकरण कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है, सिर्फ उन विद्यार्थियों का ही मूल सूचीकरण प्रमाण पत्र समिति के वेबसाइट seniorsecondary.biharboardonline.com पर अपलोड किया गया है। इसके साथ ही उक्त वेबसाइट पर इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 के परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र भी अपलोड कर दिया गया है।

2. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए दो प्रकार के आवेदन पत्र का प्रपत्र पोर्टल पर अपलोड किया गया है, जो निम्नवत हैः–

i. **सत्र 2023–25 के लिए सूचीकृत नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के विद्यार्थियों के लिएः–**
यह प्रपत्र दो खण्डों यथा खण्ड–A एवं खण्ड–B में है। खण्ड–A में क्रमांक 01 से 17 तक विद्यार्थी का विवरण भरा हुआ है, जो विद्यार्थी के सूचीकरण विवरणों के आधार पर है। उसमें

विद्यार्थी द्वारा कोई भी छेड़–छाड़/परिवर्तन नहीं किया जाना है। विद्यार्थी द्वारा मात्र खण्ड–B में क्रमांक 18 से 34 तक के विवरणों को भरा जाना है।

ii. **सत्र 2023–25 के पूर्व के सत्रों के सूचीकृत एवं पात्र पूर्ववर्ती, कम्पार्टमेन्टल, समुन्नत एवं क्वालिफाईंग कोटि के विद्यार्थियों के लिए:–** यह प्रपत्र एकीकृत (बिना खण्ड–A एवं खण्ड–B के) है, जिसका उपयोग पूर्व सत्रों के सूचीकृत उन विद्यार्थियों के द्वारा किया जाना है, जो पूर्ववर्ती परीक्षार्थी, कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी, समुन्नत परीक्षार्थी एवं क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के रूप में इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होना चाहते हैं।

3. शिक्षण संस्थान के प्रधान समिति के उक्त वेबसाइट से मूल सूचीकरण प्रमाण पत्र एवं परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र डाउनलोड कर अपने संस्थान के विद्यार्थियों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी विद्यार्थियों द्वारा सूचीकरण प्रमाण पत्र में अंकित विवरणी के अनुसार परीक्षा आवेदन पत्र भरकर **दो प्रति में अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के पास जमा किया जाएगा। इसमे से एक प्रति पर शिक्षण संस्थान के प्रधान अपना हस्ताक्षर, मुहर एवं तिथि अंकित करते हुए विद्यार्थियों को वापस कर देंगे, ताकि विद्यार्थियों के पास साक्ष्य के रूप में संधारित रहे। परीक्षा आवेदन पत्र की दूसरी प्रति शिक्षण संस्थान के प्रधान के पास संधारित रहेगा। शिक्षण संस्थान के प्रधान विद्यार्थियों द्वारा जमा किये गए परीक्षा आवेदन पत्र में भरे गये विवरण के आधार पर अपने संस्थान में** संधारित अभिलेख से भली–भाँति मिलान कर संतुष्ट हो लेंगे कि विद्यार्थियों द्वारा भरे गए विवरण सही हैं। तत्पश्चात **दिनांक 11.09.2024 से 25.09.2024** तक की अवधि में निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करते हुए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरा जाना सुनिश्चित करेंगे।

3.1 **विशेष रूप से ध्यातव्य हो कि इस निर्धारित अवधि (11.09.2024 से 25.09.2024) के तहत यह व्यवस्था की गई है कि शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा परीक्षा आवेदन के लिए निर्धारित शुल्क मात्र दिनांक 11.09.2024 से 22.09.2024 तक की अवधि में ही जमा किए जाएँगे तथा उनके द्वारा जिन विद्यार्थियों का शुल्क इस अवधि में जमा किया गया है, उनका परीक्षा आवेदन ऑनलाइन दिनांक 11.09.2024 से 25.09.2024 तक की अवधि में कभी भी भरा जाएगा।**

3.2 **किसी कारणवश शुल्क जमा करने के बावजूद किसी विद्यार्थी का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन छूट जाता है, तो परीक्षा आवेदन हेतु शुल्क जमा करने के लिए निर्धारित तिथि 22.09.2024 के बाद अगले तीन दिन अर्थात् दिनांक 25.09.2024 तक ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरा जा सकेगा।**

3.3 **इस तरह वर्णित इस व्यवस्था से शिक्षण संस्थान के प्रधान को शुल्क जमा किये गये विद्यार्थियों का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने हेतु अतिरिक्त तीन दिनों का अवसर मिलेगा।**

4. विदित है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2021 से नई विषय योजना लागू है। नई विषय योजना के तहत निम्नांकित कोटि के विद्यार्थी इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने की पात्रता रखते है:–

(i) इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा सत्र 2023–25 के लिए नामांकित नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के सूचीकृत विद्यार्थी;

(ii) इन्टरमीडिएट वार्षिक/कम्पार्टमेन्टल एवं विशेष परीक्षा, 2024 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी अपने किसी एक अथवा सभी विषयों (जिसमें उत्तीर्णता प्राप्त की है) में प्राप्त अंक को समुन्नत करना चाहें, समुन्नत कोटि के रूप में;

(iii) इन्टरमीडिएट परीक्षा सत्र 2022–24 के लिए सूचीकृत परीक्षार्थी अपने सभी विषयों की परीक्षा देने हेतु पूर्ववर्ती (Ex Regular) कोटि के रूप में;

(iv) सत्र 2022–24 के लिए सूचीकृत वैसे परीक्षार्थी, जो इन्टरमीडिएट वार्षिक/कम्पार्टमेन्टल एवं विशेष परीक्षा, 2024 में सभी विषयों में सम्मिलित होकर अधिकतम दो विषयों में अनुत्तीर्ण रहें हों, कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में;

(v) इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, सत्र 2021–23 के लिए सूचीकृत पूर्ववर्ती (Ex Regular) कोटि के परीक्षार्थी;

(vi) सत्र 2021–23 के लिए सूचीकृत वैसे परीक्षार्थी, जो इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल एवं विशेष परीक्षा, 2024 में सभी विषयों में सम्मिलित होकर अधिकतम दो विषयों में अनुत्तीर्ण रहे हों, कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में;

(vii) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इन्टरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, जो किसी एक अनुत्तीर्ण विषय अथवा जो विषय पूर्व से नहीं रखे हों–क्वालिफाईंग (Qualifying) परीक्षार्थी के रूप में;

**5. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए (प्रति परीक्षार्थी) निर्धारित परीक्षा शुल्क विवरण निम्नवत् है :–**

| मद | प्रति परीक्षार्थी निर्धारित शुल्क |
|---|---|
| परीक्षा आवेदन–पत्र का शुल्क | रू0 150/– |
| परीक्षा शुल्क | रू0 260/– |
| लोकल लेवी | रू0 480/– |
| अंक–पत्र शुल्क | रू0 170/– |
| औपबंधिक प्रमाण–पत्र शुल्क | रू0 170/– |
| प्रव्रजन (Migration) प्रमाण–पत्र शुल्क | रू0 170/– |
| ऑनलाईन शुल्क (रू० 30/–) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाइन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी/मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा। | रू0 30/– |
| **ऑनलाइन शुल्क सहित कुल परीक्षा एवं अन्य शुल्क** | **रू0 1430/–** |
| कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के समुन्नत एवं क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के लिए अनुमति शुल्क | रू0 340/– |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के समुन्नत परीक्षार्थी के लिए अनुमति शुल्क | रू0 340/– |
| सिर्फ व्यावसायिक पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी के लिए व्यावहारिक परीक्षा शुल्क | रू0 400/– |

**विभिन्न कोटि के परीक्षार्थी के लिए कुल निर्धारित शुल्क विवरण:–**

| परीक्षार्थी की कोटि | मद | समिति के खाते में जमा करने हेतु प्रति विद्यार्थी निर्धारित शुल्क | प्रति विद्यार्थी लिया जाने वाला ऑनलाइन शुल्क (जो शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा) | प्रति विद्यार्थी लिया जाने वाला कुल शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| नियमित/स्वतंत्र, पूर्ववर्ती परीक्षार्थी (जो प्रथम बार आवेदन भरेंगे) के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रू० 1400/– मात्र | रू० 30/– | रू० 1430/– |
| समुन्नत एवं क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (अनुमति शुल्क सहित) | रू० 1740/– मात्र | रू० 30/– | रू० 1770/– |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के नियमित कोटि के परीक्षार्थी के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रू० 1800/– मात्र | रू० 30/– | रू० 1830/– |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के समुन्नत कोटि के परीक्षार्थी के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (अनुमति शुल्क एवं व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रू० 2140/– मात्र | रू० 30/– | रू० 2170/– |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के पूर्ववर्ती अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रू० 1460/– मात्र (चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है) | रू० 30/– | रू० 1490/– |
| पूर्ववर्ती अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रू० 1060/– मात्र (चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है) | रू० 30/– | रू० 1090/– |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में (कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में) सम्मिलित होने के लिए ; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रू० 930/– मात्र 1. चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है। 2. परीक्षा शुल्क का मात्र 50% (प्रतिशत) ही देय है। | रू० 30/– | रू० 960/– |

**नोटः(1) ऑनलाइन शुल्क (रू० 30/–) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाइन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी/मूल/प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा।**

(2) इन्टरमीडिएट कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के केवल नियमित (Regular) श्रेणी के SC, ST तथा EBC कोटि के विद्यार्थियों के द्वारा परीक्षा शुल्क रु0 260/– (दो सौ साठ रुपये मात्र) नहीं दिया जाना है, चूँकि उन्हें इस शुल्क का भुगतान करने से छूट है।

**6.** परीक्षा आवेदन पत्र में यथा–निर्दिष्ट सभी स्तंभों में अपेक्षित विवरणों को पूरी शुद्धता के साथ भरा जाए, ताकि परीक्षोपरांत निर्गत होने वाले अंक पत्रादि के विवरणों में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रह जाए तथा समिति अभिलेख में सभी विवरण सही–सही संधारित रहे।

**7. <u>नियमित (Regular) एवं स्वतंत्र (Private) कोटि के विद्यार्थियों के लिए</u> :–**

इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी, जिन्हें सत्र–2023–2025 के लिए सूचीकृत किया गया है तथा जिनका हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी सूचीकरण कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड किया गया है, उनका मूल सूचीकरण कार्ड समिति द्वारा पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। शिक्षण संस्थान के प्रधान के द्वारा उन विद्यार्थियों का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरा जाएगा एवं परीक्षा के मद में शुल्क जमा किया जाएगा। ऐसे विद्यार्थियों का डाटा संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से समिति के पोर्टल पर देख सकते है। इसके अनुसार संबंधित विद्यार्थी, जिसका ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरा जाना है, उसके नाम के सामने अंकित बॉक्स में क्लिक करते हुए Select कर शिक्षण संस्थान के प्रधान संबंधित विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र भरेंगे।

**8. <u>समुन्नत (Improvement) कोटि के परीक्षार्थियों के लिए</u> :–**

(i) इन्टरमीडिएट वार्षिक/कम्पार्टमेन्टल एवं विशेष परीक्षा, 2024 में उत्तीर्ण विद्यार्थी ही किसी एक अथवा सभी उत्तीर्ण विषयों के प्राप्तांक में समुन्नत करने के लिए समुन्नत कोटि के रूप में सम्मिलित हो सकते हैं तथा अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से समुन्नत कोटि के रूप में ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थी का प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा आयोजित होगी।

(ii) वर्ष 2024 से पूर्व के उत्तीर्ण विद्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे।

(iii) समुन्नत कोटि में पूर्व के उत्तीर्ण विषय/विषयों में परिवर्तन करने का कोई प्रावधान नहीं है अर्थात् विद्यार्थी उसी विषय/विषयों से समुन्नत कोटि की परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जिसमें वे पूर्व से उत्तीर्ण हैं।

(iv) समुन्नत कोटि के विद्यार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा शुल्क के साथ–साथ अनुमति लेने का प्रावधान है, जो स्वतः परीक्षा शुल्क के साथ देय होगा। इसके लिए शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा परीक्षा शुल्क के साथ–साथ अनुमति शुल्क भी ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य होगा।

(v) समुन्नत कोटि के विद्यार्थी के लिए शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने पूर्व यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के आधार पर समिति के पोर्टल पर लॉग–इन कर <u>Intermediate Examination, 2025 के लिंक पर जाकर Improvement</u> ऑप्शन सेलेक्ट कर परीक्षा का वर्ष–2024, रौल कोड, क्रमांक और सूचीकरण संख्या अंकित करेंगे, जिससे उस परीक्षार्थी का पूर्ण विवरण पोर्टल पर उपलब्ध हो जाएगा। साथ ही परीक्षार्थी के पूर्व परीक्षा के सभी उत्तीर्ण विषयों को सेलेक्ट करते हुए फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर शिक्षण संस्थान के प्रधान संबंधित अभ्यर्थी का परीक्षा आवेदन भरेंगे।

9. **पूर्ववर्ती (Ex) अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों के लिए :–**

(i) इन्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2023 अथवा 2024 के सूचीकृत परीक्षार्थी का सूचीकरण संख्या इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 की परीक्षा में पूर्ववर्ती कोटि के रूप में सम्मिलित होने के लिए मान्य है। पूर्ववर्ती कोटि के परीक्षार्थी अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से अपने सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं एवं परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं।

(ii) इस कोटि के परीक्षार्थी को अपने सभी विषयों (सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक) की परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

(iii) इस कोटि के परीक्षार्थी का सूचीकरण की मान्यता लगातार तीन वर्षों के लिए वैध है। इसलिए सत्र 2020–22 अथवा उससे पूर्व के सूचीकृत परीक्षार्थी का परीक्षा आवेदन पूर्ववर्ती (Ex) कोटि के रूप में कदापि नहीं भरा जाएगा।

10. **क्वालिफाईंग (Qualifying) कोटि के रूप में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए :–**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इन्टरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण वैसे परीक्षार्थी, जो किसी एक अनुत्तीर्ण विषय अथवा जो उनके द्वारा पूर्व में नहीं रखे गये हों, में उत्तीर्णता प्राप्त करने हेतु इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होना चाहते हों, तो वे अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं एवं परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थी को प्रायोगिक विषय की परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

इस कोटि के परीक्षार्थी के लिए शिक्षण संस्थान के प्रधान समिति के पोर्टल पर Intermediate Examination, 2025 के लिंक पर जाकर Qualifying ऑप्शन सेलेक्ट कर परीक्षार्थी की उत्तीर्णता के परीक्षा का वर्ष, कोड, क्रमांक एवं सूचीकरण संख्या अंकित करेंगे। इन्टरमीडिएट की परीक्षा में अनुत्तीर्ण वाले एक विषय अथवा पूर्व में वैसे एक विषय जो उनके द्वारा नहीं रखे गये हों तथा उस विषय में क्वालिफाईंग परीक्षा देना चाहते हों, तो उस एक विषय को सेलेक्ट/अंकित करते हुए फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर शिक्षण संस्थान के प्रधान संबंधित परीक्षार्थी का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरेंगे।

11. **कम्पार्टमेन्टल कोटि के रूप में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए :–**

(i) सत्र 2021–23 के लिए सूचीकृत वैसे परीक्षार्थी, जो इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सभी विषयों में सम्मिलित होकर अधिकतम दो विषयों में अनुत्तीर्ण रहे हों, वे तृतीय अवसर का लाभ लेते हुए सत्र 2023–25 के लिए शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।

(ii) 2022–24 के लिए सूचीकृत वैसे परीक्षार्थी, जो इन्टरमीडिएट वार्षिक, 2024 में सभी विषयों में सम्मिलित होकर अधिकतम दो विषयों में अनुतीर्ण रहे हों, वे द्वितीय अवसर का लाभ लेते हुए सत्र 2023–25 के लिए शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।

(iii) 2022–24 के लिए सूचीकृत वैसे परीक्षार्थी, जो इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024 में सभी विषयों में सम्मिलित होकर अधिकतम दो विषयों में अनुतीर्ण रहे हों, वे प्रथम अवसर का लाभ लेते हुए सत्र 2023–25 के लिए शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।

(iv) **उक्त कोटि के परीक्षार्थी यदि प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित (Absent) हैं, तो इस परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं रखते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थी के प्रायोगिक विषय की परीक्षा नहीं ली जाएगी।** उनके कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023/इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024/इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024 में ली गई प्रायोगिक विषय की परीक्षा में प्राप्त अंक को Carry on किया जाएगा। उक्त कोटि के परीक्षार्थी को श्रेणी (Division), ग्रेस अंक एवं अन्य सुविधा का लाभ देय नहीं होगा।

12. **सत्र 2023–25 के नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के सूचीकृत विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन का प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रक्रियाः–** शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर समिति के पोर्टल पर लॉग–इन किया जाएगा तथा सत्र 2023–25 के सूचीकृत विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र (खण्ड–A एवं खण्ड–B) डाउनलोड कर सभी सूचीकृत विद्यार्थियों, जिनका हस्ताक्षरित घोषणायुक्त डमी सूचीकरण कार्ड समिति के पोर्टल पर अपलोड है, को

उपलब्ध कराया जाएगा। जिन विद्यार्थियों का हस्ताक्षरित घोषणा पत्र समिति के पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है, उनका ऑनलाइन परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जाएगा।

**12.1 सत्र 2023–25 के पूर्व के सत्रों के सूचीकृत एवं पात्र विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया**:–पूर्व सत्रों के सूचीकृत विद्यार्थी, जो पूर्ववर्ती परीक्षार्थी कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी, समुन्नत परीक्षार्थी अथवा क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के रूप में इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होना चाहते हैं, के लिए एकीकृत (बिना खण्ड–A एवं खण्ड–B के) परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र भी समिति के पोर्टल पर अपलोड है, जिसे शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर डाउनलोड कर लेंगे तथा इच्छुक विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएंगे।

**13 गत् वर्ष से यह प्रावधान किया गया है कि जितने विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उतने विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर निर्धारित शुल्क शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा प्रथमतः जमा किया जाएगा। इसके उपरांत ही परीक्षा आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुपालन किया जाएगा:–**

(i) समिति का पोर्टल http://seniorsecondary.biharboardonline.com खोलेंगे।

⬇

(ii) तत्पश्चात Click Here For Intermediate Annual Examination, 2025 पर क्लिक करेंगे।

⬇

(iii) क्लिक करने के उपरांत शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर कॉलेज/+2 स्कूल को लॉग–इन करेंगे।

⬇

(iv) लॉग–इन करने के उपरांत Exam Module पर क्लिक करेंगे तथा उसके बाद Exam Form पर क्लिक करेंगे।

⬇

(v) Exam Form में Make Payment पर क्लिक करेंगे तत्पश्चात Faculty (संकाय) तथा Category (Regular/Private/Ex/Improvement/ Compartmental /Qualifying ) का चयन कर उन्ही छात्रों का Payment करेंगे, जिनका परीक्षा फार्म भरना हों

⬇

(vi) Payment करने के उपरांत Exam Form/Payment Status पर जाएँगे, जिस आवेदन का Payment Success होगा, उसका ही Exam Form का Edit/View Option दिखेगा। तत्पश्चात Edit/View Option पर जाकर Verify करते हुए Exam Form सबमिट करेंगे।

*नोटः–जिस परीक्षार्थी का Examination Form भरे जाने के मद में निर्धारित शुल्क जमा होगा/रहेगा, उसका ही Examination Form का Edit/View Option दिखाई देगा।*

14. सत्र 2023–25 के सूचीकृत विद्यार्थियों का Unique Id के साथ सूचीकरण प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इन विद्यार्थियों का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरते समय विशेष रूप से ध्यान दिया जाए कि किसी विद्यार्थी का Unique Id के बिना परीक्षा आवेदन नहीं भरा जाय, अन्यथा उनका परीक्षा आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है। परीक्षा आवेदन भरने में विद्यार्थी का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 भरा जाना है। जिन विद्यार्थियों का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 भरा जाएगा, उन विद्यार्थियों को समय–समय पर परीक्षा संबंधी जानकारी उनके मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 पर मिलती रहेगी।

15. **रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर के संबंध में** :– पूर्ववर्ती सत्र के जिस विद्यार्थी का इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उस पर संबंधित विद्यार्थी का फोटो का साईज एवं प्रकार निम्नवत् रहना अनिवार्य है :–

**(i)** फोटो का साईज एवं प्रकार :–

Image Size :- 35 mm X 30 mm का हो। (400-500 KB के बीच jpg/jpeg फॉरमेट में हो)।

Head Size/Face Size :- 25 mm X 20 mm
Background :- Plain White or Light Green

**(ii)** स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट (3.5cm width x 1 cm height) में हो तथा आकार 5-20 KB से अधिक न हो।

16. **परीक्षा शुल्क भुगतान के संबंध में** :–परीक्षा शुल्क का भुगतान इंडियन बैंक अथवा Axis बैंक के किसी भी शाखा में ई–चालान, डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिग तथा RTGS/NEFT के माध्यम से किया जायेगा।

17. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने हेतु नियमित एवं स्वतंत्र कोटि (2023–25) के लिए सूचीकृत वैसे विद्यार्थी, जिनका डमी सूचीकरण कार्ड में **त्रुटि सुधार तथा डमी सूचीकरण कार्ड पर मुद्रित घोषणा पत्र को विद्यार्थी व माता/पिता/अभिभावक से हस्ताक्षरित कराकर एवं शिक्षण संस्थान के प्रधान के द्वारा स्वयं भी हस्ताक्षर कर** बार–बार दिए गए अवसर के बावजूद **समिति के पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है**, उनका समिति के पोर्टल पर सूचीकरण कार्ड एवं ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने हेतु नाम दिखाई नहीं देगा।

18. **इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 के लिए परीक्षार्थियों की संख्या सहित जमा किए गए सूचीकरण/अनुमति शुल्क तथा जमा किये जाने वाले परीक्षा शुल्कादि से संबंधित चालान की प्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध कराने के संबंध में** :– सभी +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान को यह निदेश दिया जाता है कि वे इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 के लिए अपने शिक्षण संस्थान के सूचीकृत/अनुमति प्राप्त विद्यार्थियों की कुल संख्या सहित जमा किये गए सूचीकरण/अनुमति शुल्क तथा परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा करने की तिथि समाप्ति के उपरान्त परीक्षा शुल्कादि से संबंधित चालान की सत्यापित छायाप्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

19. उत्प्रेषण परीक्षा (Sent-up Examination) के संचालन के उपरान्त +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान द्वारा उत्प्रेषित (Sent-up) एवं नन उत्प्रेषित (Non Sent-up) या अनुपस्थित परीक्षार्थियों की अलग–अलग सूची (सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में) अपने जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में ससमय उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

20. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 के लिए नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के जिन विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरा जाएगा और परीक्षा शुल्क जमा किया जाएगा, उन्हें उत्प्रेषण (Sent-up Examination) की परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्प्रेषित होना अनिवार्य होगा। उत्प्रेषण परीक्षा में अनुपस्थित (Absent) अथवा गैर उत्प्रेषित (Non Sent-up) विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र कदापि जारी नहीं किया जाएगा, जिसके लिए संबंधित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक स्वयं जवाबदेह होंगे।

21. समिति के वेबसाईट seniorsecondary.biharboardonline.com पर User Manual उपलब्ध रहेगा।

22. **जिला शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से की जाने वाली कार्रवाई**:–जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने जिला में अवस्थित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधानों की बैठक आहूत कर उन्हें विद्यार्थियों का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरे जाने हेतु सभी नियमों से अवगत कराते हुए उसका दृढ़ता से अनुपालन करने के संबंध में निदेशित करेंगे। साथ ही वर्तमान सत्र 2023–2025 के लिए मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में विद्यार्थियों का नामांकन OFSS के माध्यम से किया गया हो और किसी कारणवश शिक्षण संस्थान की मान्यता निलंबित/रद्द की गई हो और ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरे जाने की प्रक्रिया के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्व की भाँति किसी निकट के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से निलम्बित/रद्द वाले महाविद्यालय/+2 विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध कर ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरवाने एवं तत्संबंधी शुल्क जमा कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

23. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाईन नं0–0612–2230039 अथवा E-mail Id : reg.bsebhelpdesk@gmail.com पर सूचित कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है।

वर्णित आलोक में सभी शिक्षण संस्थान के प्रधान, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक से अनुरोध है कि इस महत्वपूर्ण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा आवेदन पत्र **दिनांक 11.09.2024 से 25.09.2024 तक** ऑनलाइन भरने/भरवाने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।